**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या : *138**

**जिसका उत्तर 04 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है**

**कोयले की कीमत में वृद्धि**

***138. श्री उज्जवल रमण सिंह:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2023-24 के दौरान वैश्विक कीमतों की तुलना में देश में अकुशल खनन के कारण कोयले की कीमत में काफी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का आगामी वर्षों में अंतरराष्ट्रीय कोयला उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए घरेलू कोयला उत्पादकों को कोई राजसहायता/रियायत प्रदान करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) से (घ): - विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**दिनांक 04.12.2024 को श्री उज्जवल रमण सिंह द्वारा पूछे जाने वाले लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *138 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क) और (ख):** कोयले का उत्पादन कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) द्वारा मशीनीकरण के साथ एक योजनाबद्ध तरीके से किया जाता है, जिससे प्रचालन कुशल और प्रशिक्षित कार्यबल द्वारा किया जाता है ताकि सभी क्षेत्रों की मांग को उचित मूल्य पर पूरा किया जा सके। वर्तमान में घरेलू कोयले की कीमत आयातित कोयले की तुलना में बहुत कम है।

**(ग) और (घ):** इस समय ऐसे किसी प्रस्ताव की योजना नहीं है।

*****